**HINDI**

| | |
|---|---|
| Question Booklet Sl. No. | 050331 |

Name & Signature of the Invigilator

**PAPER – II**

**CODE-05**

OMR Answer Sheet No. :

Roll No. :

(in figures as in Hall Ticket)

Roll Number in words : ..................................

.....................................................................

..................................................

..................................................

**Time : 2 Hours]** **No. of Printed Pages : 16** **[Maximum Marks : 200**

## Instructions for the Candidates

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **one hundred (100)** multiple choice type of questions. **All** questions are compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (ii) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Answer Sheet and the OMR Answer Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example:** (A) ⬬ (C) (D) where (B) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated on the OMR Answer Sheet under Paper – II only. If you mark your response at any place other than in the oval in the OMR Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
7. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. You have to return the original OMR Answer Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Answer Sheet on conclusion of examination.
9. Use only Blue/Black Ball point pen.
10. Use of any calculator or any electronic devices or log table etc., are prohibited.
11. There shall be no negative marking.

## પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ

1. આ પાનાની ટોચ પર દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલ નંબર લખો.
2. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા સો (૧૦૦) પ્રશ્નો આપેલા છે. બધા જ પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.
3. પરીક્ષાની શરૂઆતમાં આપને પ્રશ્નપુસ્તિકા આપવામાં આવશે. પ્રથમ પાંચ (૫) મિનિટ દરમ્યાન તમારે પ્રશ્નપુસ્તિકા ખોલી અને ફરજિયાતપણે નીચે મુજબ પરીક્ષણ કરવું :
   (i) પ્રશ્નપુસ્તિકાનો વપરાશ કરવા માટે આ કવર પૃષ્ઠની ધાર પર આપેલ સીલ સ્ટીકર ફાડી નાખો. કોઈપણ સંજોગોમાં સીલ સ્ટીકર વગરની કે ખુલ્લી પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં.
   (ii) કવર પૃષ્ઠ પર છપાયેલ નિર્દેશાનુસાર પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નો, પૃષ્ઠો અને સંખ્યાને બરાબર ચકાસી લો. ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા કે જેમાં પ્રશ્નો/ પૃષ્ઠો ઓછાં હોય, બે વાર છપાયા હોય, અનુક્રમમાં અથવા અન્ય કોઈ ફરક હોય અર્થાત કોઈપણ સંજોગોમાં ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં. અને જો ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા મળી હોય તો નિરીક્ષક પાસેથી તુરંત જ બીજી સારી પ્રશ્નપુસ્તિકા મેળવી લેવી. આ માટે ઉમેદવારને પાંચ (૫) મિનિટનો સમયગાળો આપવામાં આવશે. પછીથી, પ્રશ્નપુસ્તિકા બદલવામાં આવશે નહીં કે કોઈ વધારાનો સમયગાળો આપવામાં આવશે નહીં.
   (iii) આ ચકાસણી સમાપ્ત થાય પછી, પ્રશ્નપુસ્તિકાનો નંબર OMR જવાબ પત્રક પર લખવો અને OMR જવાબ પત્રકનો નંબર પ્રશ્નપુસ્તિકા પર લખવો.
4. પ્રત્યેક પ્રશ્ન માટે ચાર જવાબ વિકલ્પ (A), (B), (C) અને (D) આપવામાં આવેલ છે. તમારે સાચા જવાબના ઓવલ (oval) ને નીચે આપેલ ઉદાહરણ મુજબ પેનથી ભરીને સંપૂર્ણ કાળું કરવાનું રહેશે.
   **ઉદાહરણ** : (A) ⬬ (C) (D) કે જ્યાં (B) સાચો જવાબ છે.
5. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નોના જવાબ અલગથી આપવામાં આવેલ OMR જવાબ પત્રકમાં પેપર-II લખેલ વિભાગમાં જ અંકિત કરવા. જો આપ OMR જવાબ પત્રકમાં આપેલ ઓવલ (oval) સિવાય અન્ય સ્થાને જવાબ અંકિત કરશો તો તે જવાબનું મૂલ્યાંકન કરવામાં આવશે નહીં.
6. કાચું કામ (Rough work) પ્રશ્નપુસ્તિકાના અંતિમ પૃષ્ઠ પર કરવું.
7. જો આપ OMR જવાબ પત્રક નિયત જગ્યા સિવાય અન્ય કોઈપણ સ્થાને, આપનું નામ, રોલ નંબર, ફોન નંબર અથવા એવું કોઈ ચિહ્નકે જેનાથી તમારી ઓળખ થઈ શકે, અંકિત કરશો અથવા અભદ્ર ભાષાનો પ્રયોગ કરો, અથવા અન્ય કોઈ અનુચિત સાધનોનો ઉપયોગ કરો, જેમકે અંકિત કરી દીધેલ જવાબ ભૂંસી નાખવો કે સફેદ શાહીનો ઉપયોગ કરી બદલશો તો આપને પરીક્ષા માટે અયોગ્ય જાહેર કરવામાં આવશે.
8. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા બાદ ઓરીજીનલ OMR જવાબ પત્રક જે તે નિરીક્ષકને ફરજિયાત સોપી દેવું અને કોઈ પણ સંજોગોમાં તે પરીક્ષા ખંડની બહાર લઈ જવું નહીં. પરીક્ષા પૂર્ણ થયા બાદ ઉમેદવાર ઓરીજીનલ પ્રશ્નપુસ્તિકા અને OMR જવાબ પત્રકની ડુપ્લિકેટ કોપી પોતાની સાથે લઈ જઈ શકે છે.
9. માત્ર કાળી / ભૂરી બોલ પોઈન્ટ પેન વાપરવી.
10. કેલ્ક્યુલેટર,લોગ ટેબલ અને અન્ય ઈલેક્ટ્રોનિક યંત્રોનો ઉપયોગ કરવાની મનાઈ છે.
11. ખોટા જવાબ માટે નકારાત્મક ગુણાંકન પ્રથા નથી.

SE

DO NOT WRITE HERE

# HINDI
## Paper – II

1. केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय का मुख्यालय कहाँ है ?
(A) आगरा (B) नई दिल्ली (C) कोलकाता (D) हैदराबाद

2. 'अनायास' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?
(A) अनु (B) अनि (C) अन् (D) अना

3. बाल गंगाधर तिलक द्वारा तैयार किए गए 'तिलक फॉन्ट' में कितने टाइप का फॉन्ट सामने आया था ?
(A) 290 (B) 190 (C) 180 (D) 110

4. डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी के अनुसार पूर्वी हिन्दी, आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के किस वर्ग में आती है ?
(A) उदीच्य (B) प्रतीच्य (C) मध्यदेशीय (D) प्राच्य

5. "हिन्दी उस भाषा का नाम रहा जो टूटी-फूटी चाल पर देवनागरी अक्षरों में लिखी जाती थी ।" यह कथन इनमें से किस विद्वान का है ?
(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) अयोध्या प्रसाद खत्री (C) बालमुकुंद गुप्त (D) रामचंद्र शुक्ल

6. खड़ी बोली को 'कौरवी' नाम किसने दिया ?
(A) जार्ज ग्रियर्सन (B) राहुल सांकृत्यायन (C) कोल बुक (D) रामचंद्र शुक्ल

7. राजभाषा अधिनियम 1976 में कुल कितने नियम है ?
(A) 08 (B) 12 (C) 15 (D) 19

8. अश्वघोष के नाटकों में, इनमें से किस भाषा के प्रयोग के साक्ष्य मिलते हैं ?
(A) पैशाची (B) शौरसेनी (C) अर्ध-मागधी (D) मागधी

9. हिन्दी कम्प्यूटर टाइपिंग की मुख्य विधि नहीं है
(A) रेमिंग्टन टाइपिंग (B) इनस्क्रिप्ट टाइपिंग
(C) शोर्टहेंड टाइपिंग (D) फोनेटिक टाइपिंग

10. भाषा-शुद्धि तथा वर्तनी की एकरूपता के प्रबल समर्थक इनमें से कौन माने जाते हैं ?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

11. इनमें से रामविलास शर्मा ने अपनी किस पुस्तक की लंबी 'भूमिका' में यह स्थापित करने की कोशिश की है कि हजारी प्रसाद द्विवेदी की इतिहास-दृष्टि की कोई 'दूसरी परंपरा' नहीं रही है बल्कि उन्होंने शुक्लजी वाली पहली परंपरा का ही अनुमोदन किया है ?
(A) परंपरा का मूल्यांकन (B) भारतीय साहित्य की भूमिका
(C) भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश (D) लोकजागरण और हिन्दी साहित्य

12. नागार्जुन की कविता के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असंगत है ?

(A) सत्ता-सापेक्ष (B) सामाजिक कुरूपता (C) राजनीतिक अव्यवस्था (D) धार्मिक अंधविश्वास

13. कठोपनिषद् के नचिकेता प्रसंग पर आधारित प्रबंधकाव्य है

(A) ऋतंवरा (B) लोकायतन (C) आत्मजयी (D) संशय की एक रात

14. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके संपादक के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. तद्भव 1. पल्लव
b. बया 2. अखिलेश
c. बनास जन 3. आशुतोष/संजीव
d. आलोचना 4. गौरीनाथ
5. ज्ञानरंजन

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 5 |
| (D) | 4 | 5 | 3 | 2 |

15. रीतिमुक्त काव्य के लिए निम्नलिखित में असंगत प्रवृत्ति कौन-सी है ?

(A) भक्ति की साम्प्रदायिकता और समाज के रीति-नियमों से मुक्त

(B) काव्य-चमत्कार का प्रदर्शन

(C) एकनिष्ठ और एकांगी प्रेम

(D) टकसाली ब्रजभाषा में जनभाषा की ताजगी

16. विद्यापति की पदावली के संदर्भ में कौन-सा कथन गलत है ?

(A) स्त्री-मन के साथ उसकी पीड़ा और वेदना की अभिव्यक्ति

(B) भक्ति और श्रृंगार का मिश्रित रूप

(C) शैव, शाक्त और वैष्णव भक्ति का समावेशी रूप

(D) दरबारी संस्कृति की प्रचुरता

17. "अतीतोन्मुखता हमें पुनरुत्थानवादी बनाती है, तो भविष्योन्मुखता सर्जनात्मक । इस अर्थ में इतिहास लिखने का मतलब होता है भविष्योन्मुखी होना ।"

उपर्युक्त कथन किस साहित्येतिहास की पुस्तक के निवेदन/भूमिका का अंश है ?

(A) हिन्दी साहित्य का इतिहास

(B) हिन्दी साहित्य की भूमिका

(C) आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास

(D) हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास

18. सही और गलत का चुनाव कीजिए ।

1. छायावाद का सौंदर्य व्यक्ति की स्वाधीनता की भावना से उत्पन्न हुआ है । यह स्वाधीनता व्यक्ति के माध्यम से संपूर्ण समाज की स्वाधीनता की अभिव्यक्ति है ।
2. स्वाधीनता सौंदर्य का पर्याय है और समाज हमेशा स्वाधीन होता है, इसलिए सुंदर भी ।

(A) 1 सही और 2 गलत (B) 1 गलत और 2 सही (C) 1 और 2 दोनों सही (D) 1 और 2 दोनों गलत

19. 'गरबी साहित्य' रचनेवाले प्रख्यात भक्त कवि हैं

(A) ललद्यद (B) प्रीतमदास (C) अक्कमहादेवी (D) अंडाल

20. 'अभंग' का संबंध कहाँ के भक्ति साहित्य से है ?

(A) महाराष्ट्र (B) कर्नाटक (C) मिथिला (D) कश्मीर

21. इनमें से कौन-सी भाषा भारोपीय परिवार के 'केतुम वर्ग' की भाषा नहीं है ?

(A) जर्मनिक (B) ग्रीक (C) इटालिक (D) अल्बानी

22. निम्नलिखित में 'संदेश परंपरा' का रासो ग्रंथ कौन-सा है ?

(A) खुमाणरासो (B) बीसलदेवरासो (C) हम्मीररासो (D) परमालरासो

23. निम्नलिखित साहित्येतिहास से संबंधित पुस्तकों को उनके लेखक के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. उत्तरी भारत की संत परंपरा | 1. डॉ. भगीरथ मिश्र |
| b. साहित्य का इतिहास दर्शन | 2. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र |
| c. हिन्दी साहित्य का अतीत | 3. नलिन विलोचन शर्मा |
| d. हिन्दी काव्यधारा | 4. राहुल सांकृत्यायन |
| | 5. परशुराम चतुर्वेदी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 5 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 5 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 5 |

24. निम्नलिखित पाश्चात्य चिंतकों का उनके कालक्रम के अनुसार सही क्रम क्या है ?

(A) अरस्तु, जॉन ड्राइडेन, हीगल, कॉलरिज
(B) अरस्तु, हीगल, जॉन ड्राइडेन, कॉलरिज
(C) हीगल, अरस्तु, जॉन ड्राइडेन, कॉलरिज
(D) जॉन ड्राइडेन, अरस्तु, हीगल, कॉलरिज

25. निम्नलिखित महिला आत्मकथाकारों एवं उनकी आत्मकथाओं को सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. प्रभा खेतान | 1. लगता नहीं दिल मेरा |
| b. कृष्णा अग्निहोत्री | 2. जो कहा नही गया |
| c. कुसुम अंसल | 3. कुछ कही कुछ अनकही |
| d. रमणिका गुप्ता | 4. अन्या से अनन्या |
| | 5. हादसे |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 5 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

26. इनमें से किसने 'साधारणीकरण' की स्थिति योग की मधुमति भूमिका के सदृश्य मानी है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) श्याम सुंदर दास
(C) नगेन्द्र
(D) रामविलास शर्मा

27. 'चंद्रालोक' किस काव्यशास्त्रीय सम्प्रदाय का ग्रंथ है ?

(A) रस सम्प्रदाय
(B) ध्वनि सम्प्रदाय
(C) अलंकार सम्प्रदाय
(D) रीति सम्प्रदाय

28. किस आचार्य ने रस की सत्ता को ग्रामत्व दोष के परिहार में माना है ?

(A) भरतमुनि
(B) भामह
(C) दण्डी
(D) आनंदवर्धन

29. आचार्यों के द्वारा 'रीति' के लिए प्रयुक्त विशेषण (महत्व) की दृष्टि से सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. मम्मट | 1. गुण |
| b. वामन | 2. संघटना |
| c. आनंदवर्धन | 3. वृत्ति |
| d. विश्वनाथ | 4. पद-संघटना |
| | 5. चित्तवृत्ति |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 5 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 5 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 5 | 4 |

30. 'अश्लीलता' की गणना इनमें से किस दोष के अन्तर्गत की जाती है ?

(A) शब्द दोष
(B) अर्थ दोष
(C) रस दोष
(D) वाक्य दोष

31. 'मूल्य सिद्धांत' के प्रणेता इनमें से कौन है ?
(A) सुकरात (B) प्लेटो (C) रिचर्डस (D) क्रोचे

32. निम्नलिखित में मार्क्सवादी शब्दावली नहीं है
(A) द्वंद्वात्मक भौतिकवाद (B) अवचेतन (C) आधार-अधिरचना (D) वर्ग-चेतना

33. निम्नलिखित मार्क्सवादी आलोचक नहीं है
(A) नन्ददुलारे वाजपेयी (B) रामविलास शर्मा (C) नामवर सिंह (D) मैनेजर पाण्डेय

34. फोर्ट विलियम कॉलेज में हिन्दुस्तानी विभाग के अध्यक्ष रहे हैं
(A) लल्लूलाल (B) सदल मिश्र (C) कैप्टन विलियम (D) कैप्टन टेलर

35. निम्नलिखित में कौन अस्तित्ववादी विचारक/दार्शनिक नहीं माने जाते हैं ?
(A) सोरेन कीर्केगार्ड (B) एंटोनियो ग्राम्सी (C) फेडरिक नीत्शे (D) अल्बर्ट कैमस

36. मनोविश्लेषणवाद के अनुसार सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. नारसीसिज्म | 1. विजातीय रति |
| b. ऑपोजिट सेक्स | 2. मातृरति |
| c. ऑडिपस | 3. पितृरति |
| d. इलेक्ट्रा | 4. आत्मरति |
| | 5. सजातीय रति |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 5 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 5 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

37. उग्र नारीवादी (Radical Feminism) चिंतकों में शामिल नहीं है
(A) ईवा फिगेस (B) केट मिलेट (C) सुज़ान ब्राउनमिलर (D) मेरी वॉल्टस्टनक्राफ्ट

38. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के वैचारिक परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में सही और गलत का चुनाव करें ।
1. अस्पृश्यता को हटाए बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती, जिसका अर्थ है समग्रता में जाति-व्यवस्था का उन्मूलन ।
2. सामाजिक न्याय के लक्ष्य को प्राप्त करने से पूर्व आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को हल किया जाना आवश्यक ।
(A) केवल 1 सही (B) केवल 2 सही
(C) 1 और 2 दोनों गलत (D) 1 और 2 दोनों सही

39. सही और गलत का चुनाव कीजिए ।
1. नारीवादी चिंतक सीमेन द बउवार के अनुसार स्त्री पैदा नहीं होती बनाई जाती है ।
2. पैदा होने के बाद उसमें स्वीकृत सामाजिक स्त्री-मूल्य का आरोपण किया जाता है ।
(A) 1 सही और 2 गलत (B) 1 गलत और 2 सही
(C) 1 और 2 दोनों सही (D) 1 और 2 दोनों गलत

40. सही और गलत का चुनाव कीजिए ।

1. नवजागरण एक ऐतिहासिक अवधारणा है, जिसका संबंध आधुनिक काल की उस नयी चेतना से है जो मध्यकालीन चेतना से गुणात्मक रूप से भिन्न है ।
2. नवजागरण में एक नये, तर्कसंगत, विवेक-सम्मत और युग की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक सुधार की भावना पर अधिक जोर होता है ।

(A) 1 सही किन्तु 2 गलत
(B) 2 सही किन्तु 1 गलत
(C) 1 एवं 2 दोनों गलत
(D) 1 एवं 2 दोनों सही

41. 'सूरदास' का संबंध मुख्य रूप से किस दार्शनिक पक्ष से है ?

(A) अद्वैतवाद
(B) शुद्धाद्वैतवाद
(C) विशिष्टाद्वैतवाद
(D) द्वैताद्वैतवाद

42. "उज्ज्वल वरदान चेतना का, सौंदर्य जिसे सब कहते हैं ।" यह पंक्ति कामायनी के किस सर्ग से है ?

(A) श्रद्धा
(B) आशा
(C) लज्जा
(D) आनंद

43. निम्नलिखित काव्यकृतियों का सही कालानुक्रम क्या है ?

1. कामायनी
2. साकेत
3. कुरुक्षेत्र
4. तुलसीदास

कूट :

(A) 2, 4, 1, 3
(B) 2, 3, 4, 1
(C) 2, 1, 4, 3
(D) 2, 3, 1, 4

44. असंगत युग्म का चयन कीजिए ।

(A) बोधा – इश्कनामा
(B) घनानंद – इश्कलता
(C) आलम – सुजान चरित
(D) सेनापति – काव्यकल्पद्रुम

45. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके रचयिताओं से सुमेलित कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. नगर बाहिरे डोंबी तोहरि कुटिया छाइ | 1. लूहिपा |
| b. काआ तरुवर पंच बिड़ाल | 2. कण्हपा |
| c. कडुवा बोल न बोलिस नारि | 3. खुसरो |
| d. मोरा जोबना नवेलरा भयो है गुलाल | 4. नरपति नाल्ह |
| | 5. सरहपा |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 5 |
| (D) | 3 | 2 | 5 | 4 |

**46.** निम्नलिखित काव्य छंदों को उनके प्रयोक्ता कवियों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. सॉनेट | 1. अज्ञेय |
| b. हाइकू | 2. त्रिलोचन |
| c. सवैया | 3. गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' |
| d. कवित्त | 4. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' |
| | 5. मंगलेश डबराल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 5 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**47.** 'धूमिल' की कौन-सी कविता बातचीत की शैली में पेशे से जुड़े हुए आदमी का एकालाप है ?
(A) अकाल दर्शन (B) मोचीराम (C) रोटी और संसद (D) नकसलबाड़ी

**48.** 'प्रथम-रश्मि' कविता में ''बालविहंगिनी'' के लिए इनमें से कौन-सा शब्द प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(A) रंगिणि (B) अन्तर्यामिनी (C) तरु -वासिनी (D) रूपधारिणी

**49.** निम्नलिखित में कौन-सी कविता जापानी पुराकथा पर आधारित है
(A) परिवर्तन (B) असाध्यवीणा (C) ब्रह्मराक्षस (D) फिर विकल है प्राण मेरे

**50.** अष्टछाप के कवि 'कृष्णदास' का जन्म इनमें से किस प्रदेश में हुआ था ?
(A) राजस्थान (B) उत्तरप्रदेश (C) गुजरात (D) मध्यप्रदेश

**51.** इनमें से कौन-सा कवि 'तार-सप्तक' में शामिल नहीं था ?
(A) मुक्तिबोध (B) प्रभाकर माचवे (C) नेमिचन्द जैन (D) शमशेर बहादुर सिंह

**52.** ''कविता हमारे परिपूर्ण क्षणों की वाणी है ।'' यह कथन किसका है ?
(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) सुमित्रानंदन पंत (C) जयशंकर प्रसाद (D) महादेवी वर्मा

**53.** इनमें से राधाकृष्णदास का कौन-सा उपन्यास है जिसमें मुस्लिम समाज का चित्रण हुआ है ?
(A) रहस्य कथा उपन्यास (B) भाग्यवती (C) परीक्षा गुरू (D) निस्सहाय हिन्दू

**54.** इनमें से कौन-सा उपन्यास काशीनाथ सिंह का नहीं है ?
(A) उपसंहार (B) महुआ-चरित (C) अपना मोर्चा (D) सेमल का फूल

**55.** प्रेमचंद का 'चौगाने हस्ती' उर्दू में लिखित उपन्यास हिन्दी में किस शीर्षक से प्रकाशित हुआ है ?
(A) प्रेमाश्रम (B) रंगभूमि (C) वरदान (D) गबन

56. इनमें से औपनिवेशिक ब्रिटिश शासन–काल में नव विकसित पूँजीवाद के बढ़ते कदम से टक्कर लेती भारतीय परम्परा के द्वन्द्व को अंकित करनेवाला उपन्यास है

(A) कर्मभूमि (B) नदी के द्वीप (C) देशद्रोही (D) रंगभूमि

57. ''चौधरीजी, मालिया उगराहने के लिए खालसा सरकार फसलों पर बोली लगवाती थी । पकी फसले खडी हैं खेतों में और सरकार ने बोली लगवाकर नीलाम करवा दी ।'' – प्रस्तुत कथन किस उपन्यास का है ?

(A) परीक्षा गुरू (B) गोदान (C) जिन्दगी नामा (D) मैला आँचल

58. निम्नलिखित उपन्यासों का उनके केन्द्रीय विचार से सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. विषाद मठ | 1. सामाजिक मूल्यों का विघटन असफल प्रेम के माध्यम से प्रस्तुत किया है |
| b. सती मैया का चौरा | 2. खोखलेपन निराशाओं, झूठी नैतिकताओं और पाखण्डों का निरूपण |
| c. अजय की डायरी | 3. दो प्रबुद्ध मित्रों के माध्यम से गाँव के उन्नयन का निरूपण |
| d. सूरज का सातवाँ घोडा | 4. बंगाल के भीषण दुर्भिक्ष की पृष्ठभूमि का चित्रण |
| | 5. सातवी शती के हर्षकालीन राजनीतिक स्थितियों एवं अराजकताओं का चित्रण है |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 5 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 5 | 2 | 4 |
| (C) | 5 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

59. 'रसोई घर' में कौन–सा समास है ?

(A) द्विगु समास (B) बहुव्रीहि समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) तत्पुरुष समास

60. 'मानस का हंस' उपन्यास के अनुसार काशी में तुलसीदास के शत्रुओं ने उनके बारे में क्या दुष्प्रचार किया ?

(A) मांसाहार खाने का

(B) ब्रह्म हत्यारों को पनाह देने का

(C) काशी के पंडितों को गाली देने का

(D) बगैर स्नान–ध्यान के भोजन करने का

61. 'मैला आँचल' उपन्यास के किस अध्याय (हिस्सा) में संथाल आदिवासियों के बटाईदारी आंदोलन का चित्रण किया गया है ?

(A) 15 वाँ (B) 17 वाँ (C) 19 वाँ (D) 22 वाँ

62. निम्नलिखित उपन्यासों का सही कालानुक्रम है

1. बाणभट्ट की आत्मकथा
2. आधागाँव
3. धरती धन न अपना
4. राग दरबारी

कूट :

(A) 2, 3, 1, 4 (B) 1, 2, 4, 3 (C) 3, 4, 2, 1 (D) 4, 1, 3, 2

63. "मानस का हंस" उपन्यास के अनुसार लंबे वर्षों के बाद रत्नावली जब तुलसीदास से मिलती है, तब वह तुलसीदास से भिख स्वरूप क्या माँगती है ?

(A) एक बार मेरे सम्मुख रामचरितमानस का वाचन करने की
(B) मेरी मृत्यु से पहले एक बार मुझे अपने श्रीमुख दिखलाने की
(C) पिछली घटना भूल जाने की
(D) 18 पुराणों और श्रीमद्भागवत की कथा सुनाने की

64. 'मैला आँचल' उपन्यास में किसका हृदय परिवर्तन होता है ?

(A) प्रशांत (B) बावनदास (C) लछमी (D) विश्वनाथ प्रसाद

65. इनमें से कौन ललित निबंधकार नहीं है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी (C) विद्यानिवास मिश्र (D) कुबेरनाथ राय

66. "घनानंद उन विरले भक्त कवियों में हैं, जो भाषा की व्यंजकता बढ़ाते हैं ।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) लाला भगवानदीन (B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) डॉ. नगेन्द्र (D) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

67. इनमें से किस उपन्यास पर रोमारोलाँ के 'जाँ क्रिस्तॉफ ' का स्पष्ट प्रभाव लक्षित होता है ?

(A) अपने-अपने अजनबी (B) झूठा सच
(C) नदी के द्वीप (D) शेखर : एक जीवनी

68. निम्नलिखित कृतियों को उनकी विधाओं के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. अमृतसर आ गया है | 1. कविता |
| b. लालटीन की छत | 2. रिपोर्ताज |
| c. पहाड पर लालटेन | 3. उपन्यास |
| d. तूफानों के बीच | 4. कहानी |
| | 5. आत्मकथा |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 5 | 1 |
| (B) | 2 | 5 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 5 |

69. 'सप्तक्रांति' की अवधारणा निम्नलिखित में किस विचारक की है ?

(A) महात्मा गाँधी
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) डॉ. राममनोहर लोहिया
(D) बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर

70. इनमें से किस पत्रिका के माध्यम से समांतर कहानी आन्दोलन चलाया गया था ?

(A) आधार
(B) मंच
(C) सरस्वती
(D) सारिका

71. 'तीसरी कसम' कहानी के अनुसार हीरामन की पुरानी लालसा क्या है ?

(A) वह हीराबाई को किसी भी कीमत पर दुबारा पाना चाहता है ।
(B) वह काशी के घाट पर स्नान करना चाहता है ।
(C) वह बाबा विश्वनाथ का दर्शन करना चाहता है ।
(D) वह जगरनाथ धाम जाना चाहता है ।

72. "ये हवाई बंदूके इन ठेल-पिलाई लाठियों का मुकाबला नहीं कर पाएंगी जवानों ।" किस कहानी का कथन है ?

(A) पिता
(B) अमृतसर आ गया है
(C) राजा निरबंसिया
(D) इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर

73. समांतर कहानी का आन्दोलन चलाकर युवा कहानीकारों को किस रचनाकार ने आकृष्ट किया था ?

(A) डॉ. महीप सिंह
(B) कमलेश्वर
(C) अमृतराय
(D) राकेश वत्स

74. इनमें से कौन-सा कथन 'इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर' कहानी के संदर्भ में असत्य है ?

(A) चांद के काल्पनिक चित्र द्वारा भारतीय पुलिस एवं व्यवस्था पर व्यंग्य किया गया है ।
(B) मातादीन चांद पर व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए सभी कर्मचारियों की आय दोगुनी कर देते हैं ।
(C) अब्दुल गफूर और बलभद्दर इस कहानी के पात्र हैं ।
(D) इस कहानी में चांद के पुलिस लाईन में हनुमान जी की मूर्तियाँ स्थापित की जाती ।

75. इनमें से कौन-सी कहानी में देश विभाजन की त्रासदी का चित्रण हुआ है ?

(A) अमृतसर आ गया है
(B) राही
(C) अपना-अपना भाग्य
(D) राजा निरबंसिया

76. 'उसने कहा था' कहानी के इन वाक्यों को कहानी में आने के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए ।

1. हट जा पुत्ताँ प्यारिए ;
2. हट जा करमावालिए ,
3. बच जा, लम्बी उमराँवालिए !
4. हट जा जीणे जोगिए ;

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 4, 2, 1, 3
(B) 3, 1, 2, 4
(C) 1, 2, 3, 4
(D) 2, 3, 4, 1

**77.** 'राजा निरबंसिया' कहानी में बचनसिंह क्या है ?

(A) मुहर्रिर (B) कंपाउंडर (C) डॉक्टर (D) मरीज़

**78.** 'मारे गए गुलफाम' किस कहानी का दूसरा नाम है ?

(A) लालपान की बेगम
(B) पंचलाइट
(C) एक आदिम रात्रि की महक
(D) तीसरी कसम

**79.** इनमें से कौन-सा युग्म सही है ?

(A) राजा निरबंसिया – मोहन राकेश
(B) जहाँ लक्ष्मी कैद है – निर्मल वर्मा
(C) कोसी का घटवार – शेखर जोशी
(D) आकाशदीप – जैनेन्द्र

**80.** 'ईदगाह' कहानी के आधार पर सूची - I के साथ सूची - II का मिलान कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. महमूद | 1. धोबिन |
| b. मोहसिन | 2. वकील |
| c. नूरे | 3. भिस्ती |
| d. सम्मी | 4. सिपाही |
| | 5. बढ़ई |

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (B) | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**81.** निम्नलिखित कहानीकारों का जन्मकाल के अनुसार सही अनुक्रम है

1. कमलेश्वर
2. भीष्मसाहनी
3. फणिश्वरनाथ रेणु
4. निर्मल वर्मा

**कूट :**

(A) 1, 4, 3, 2 (B) 2, 3, 4, 1 (C) 3, 2, 1, 4 (D) 4, 1, 3, 2

**82.** ''भारतेंदु के नाटकों की पारंपरिक खतौनी से पुनर्जागरण का दूर का भी रिश्ता नहीं है ।'' यह कथन इनमें से किसका है ?

(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी (B) नामवर सिंह (C) बच्चन सिंह (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

83. "आह वेदना मिली विदाई, मैंने भ्रमवश जीवन संचित मधुकरियों की भीख लुटाई ।" इनमें से किस नाटक का गीत है ?

(A) स्कन्द गुप्त (B) चंद्रगुप्त (C) अजातशत्रु (D) ध्रुवस्वामिनी

84. इनमें से कौन-सा पात्र 'अंधायुग' नाटक में नहीं है ?

(A) श्री कृष्ण (B) कृपाचार्य (C) भीष्म पितामह (D) अश्वत्थामा

85. "मुझे कई बार लगता था कि मैं एक घर में नहीं, चिड़िया घर के एक पिंजड़े में रहती हूँ ।" यह कथन किस नाटक का है ?

(A) ध्रुवस्वामिनी (B) चंद्रगुप्त (C) आधे-अधूरे (D) अंधायुग

86. 'रोवहु सब मिलि कै आवहु भारत भाई' गीत 'भारत दुर्दशा' नाटक के किस अंक में है ?

(A) पहला (B) दूसरा (C) तीसरा (D) चौथा

87. "विचारों की तेजस्विता और कथन-लालित्य का अपूर्व सामंजस्य उनके निबंधों में समाहित है जैसे कबीर और रवीन्द्रनाथ दोनों एक जगह पर मिल जाए ।" डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी का उपर्युक्त कथन किस निबंधकार के बारे में कहा गया है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी (C) विद्यानिवास मिश्र (D) कुबेरनाथ राय

88. निम्नलिखित निबंधकारों का सही कालानुक्रम है

(A) भारतेन्दु, बालमुकुंद गुप्त, बालकृष्ण भट्ट, प्रतापनारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट, भारतेन्दु, प्रतापनारायण मिश्र, बालमुकुंद गुप्त

(C) प्रतापनारायण मिश्र, भारतेन्दु, बालमुकुंद गुप्त, बालकृष्ण भट्ट

(D) भारतेन्दु, प्रतापनारायण मिश्र, बालकृष्ण भट्ट, बालमुकुंद गुप्त

89. कुबेरनाथ राय के निबंध संग्रहों का कालानुक्रम है ?

(A) पर्ण मुकुट, विषाद योग, कामधेनु, रस आखेटक (B) कामधेनु, पर्ण मुकुट, विषाद योग, रस आखेटक

(C) विषाद योग, पर्ण मुकुट, रस आखेटक, कामधेनु (D) रस आखेटक, विषाद योग, पर्ण मुकुट, कामधेनु

90. "वैदिक सूत्रों के गरिमामय उद्गम से लेकर लोकगीतों के महासागर तक जिस अविच्छिन्न प्रवाह की उपलब्धि होती है उस भारतीय परंपरा का मैं स्नातक हूँ ।" यह कथन किस निबंधकार का है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) नामवर सिंह

(C) विद्यानिवास मिश्र (D) अज्ञेय

91. निबंध-निबंधकार का कौन-सा युग्म सही नहीं है ?

(A) बाबू गुलाबराय - मेरे नापिताचार्य

(B) जयशंकर प्रसाद - यथार्थवाद और छायावाद

(C) वासुदेव शरण अग्रवाल - मातृभूमि, कला और संस्कृति

(D) अज्ञेय - ठेले पर हिमालय

**92.** निम्नलिखित में से हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित निबंध संग्रह हैं

1. आलोक पर्व
2. माटी हो गई सोना
3. विचार और वितर्क
4. कुछ उथले कुछ गहरे

**कूट :**

(A) 1 और 3 (B) 1, 2 और 3 (C) 3 और 4 (D) 1 और 2

**93.** ''पंडिताई भी एक बोझ है – जितनी ही भारी होती है उतनी ही तेजी से डुबाती है ।'' यह कथन हजारीप्रसाद द्विवेदी के किस निबंध का है ?

(A) अशोक के फूल (B) कुटज (C) आम फिर बौरा गये (D) देवदारू

**94.** राहुल सांकृत्यायन ने अपनी तिब्बत यात्रा किस छद्म वेश में की थी ?

(A) भिखारी के (B) सिपाही के (C) पंडित के (D) नेता के

**95.** इनमें से किस विद्वान ने 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका लिखी है ?

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) भगवत शरण उपाध्याय
(C) सुंदर लाल (D) बाल गंगाधर तिलक

**96.** 'क्या भूलू क्या याद करूँ' पर हरिवंशराय बच्चन को सरस्वती सम्मान किस वर्ष में दिया गया ?

(A) 1990 ई. (B) 1991 ई.
(C) 1994 ई. (D) 1993 ई.

**97.** संस्कृति के चार अध्याय' के चौथे अध्याय के अनुसार भारत में सर्वप्रथम आने वाला यूरोपीय कौन हैं ?

(A) अंग्रेज (B) डच (C) फ्रांसीसी (D) पुर्तगीज

**98.** 'अरे यायावर रहेगा याद' की शुरुआत किस नदी के मैदानी भाग के वर्णन से होती है ?

(A) गंगा (B) नर्मदा (C) ब्रह्मपुत्र (D) कावेरी

**99.** 'आवारा मसीहा' के संदर्भ में पात्र और उनका परिचय सुमेलित नहीं है

(A) भुवनमोहिनी – शरदचंद की माँ
(B) धीरू – शरतचंद्र की बचपन की मित्र
(C) हिरण्यमयी – शरतचंद्र की बड़ी बहन
(D) काशीनाथ – शरतचंद्र के मित्र

**100.** महादेवी वर्मा की रचनाओं का सही अनुक्रम बताइए ।

(A) मेरा परिवार, अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ, पथ के साथी
(B) अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ, पथ के साथी, मेरा परिवार
(C) पथ के साथी, मेरा परिवार, अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ
(D) स्मृति की रेखाएँ, अतीत के चलचित्र, पथ के साथी, मेरा परिवार

## Space for Rough Work